सिडबी

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
लखनऊ शाखा कार्यालय

भूतल, सिडबी टॉवर, 15 अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001 फोन: 0522–2288546

लखनऊ में सेवानिवृत्त बैंकर की आवश्यकता

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एक प्रमुख वित्तीय संस्था है. बैंक को अपने संवर्धनशील एवं विकासगत प्रयासों के सन्दर्भ में लखनऊ में संविदा आधार पर ज्ञान–साझेदार के रुप में सेवानिवृत्त बैंकर (वरीयत:स्केल II से स्केल IV तक) की सेवाओं की आवश्यकता है. ज्ञान–साझेदार से अपेक्षित होगा कि वे सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र को ऋण परामर्शन एवं सहायता सेवाएं, क्रेडिट लिंकेज, सरकार की अनुदान योजनाओं/लाभों तथा सिडबी / बैंकों / वित्तीय संस्थाओं की योजनाओं एवं सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र से संबंधित जानकारियों को मौजूदा एवं नये उद्यमियों को उपलब्ध करा सकें और उसके बारे में उन्हें मार्गदर्शन दे सकें. चुनिन्दा ज्ञान–साझेदार ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण करेंगे और समूहों में, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों की सार्वजनिक समस्याओं को उजागर करने में मदद करेंगे. सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यमों को ज्ञान–साझेदार SIDBI.mitra (मोबाइल ऐप), स्टार्ट –अप इण्डिया, स्टैंड–अप इण्डिया आदि योजनाओं के बारे में अवगत करायेंगे और नये एवं मौजूदा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों से बैंक योग्य प्रस्तावों को लेकर आयेंगे. अधिक जानकारी और आवेदन फार्म के लिए सिडबी के वेबसाइट www.sidbi.in. पर जाएँ. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.06.2016 है.

Size 8x6 cm